# रणजीत टाइम्स

इंदौर


बुधवार, 2 जुलाई, 2025

वर्ष 01 | अंक 168 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585


प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# सुप्रीम कोर्ट में पहली बार लागू हुआ SC-ST आरक्षण नीति




देश की सर्वोच्च अदालत ने बड़ा फैसला लिया है। अब सुप्रीम कोर्ट में SC और ST के लिए स्टाफ की भर्तियों में आरक्षण होगा। यह पहली बार है जब सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा किया है। यह बदलाव मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के कार्यकाल में हुआ है। वे अनुसूचित जाति से आने वाले दूसरे सीजेआई हैं। 23 जून से यह नियम लागू हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार ने 24 जून को एक नोटिस जारी कर यह जानकारी दी। शीर्ष अदालत ने अपने कर्मचारियों को बताया कि आरक्षण का नियम 23 जून से लागू हो गया है। इसका आदेश का मतलब है कि अगर किसी कर्मचारी को आरक्षण लिस्ट में कोई गलती दिखती है, तो वे भर्ती विभाग के रजिस्ट्रार को बता सकते हैं। यह आरक्षण अलग-अलग पदों के लिए है। जैसे कि सीनियर पर्सनल असिस्टेंट, असिस्टेंट लाइब्रेरियन, जूनियर कोर्ट असिस्टेंट, जूनियर कोर्ट असिस्टेंट कम जूनियर प्रोग्रामर, जूनियर कोर्ट अटेंडेंट और चेंबर अटेंडेंट। इस नीति के अनुसार, अनुसूचित जाति (SC) कैटेगरी के लिए 15 फीसदी और अनुसूचित जनजाति (ST) कैटेगरी के लिए 7.5 फीसदी पद आरक्षित होंगे। सीजेआई गवई ने कहा था कि सभी सरकारी संस्थानों और कई हाई कोर्ट में पहले से ही एससी और एसटी के लिए रिजर्वेशन का प्रावधान है, तो सुप्रीम कोर्ट को इससे अलग क्यों रखा जाए? हमने कई ऐतिहासिक फैसलों में सकारात्मक कार्रवाई का समर्थन किया है और एक संस्था के रूप में हमें इसे अपने यहां भी लागू करना चाहिए। हमारे काम हमारे सिद्धांतों को दर्शाने चाहिए।

# हेमंत खंडेलवाल बने मध्य प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष- अनुभव, संवाद और विश्वास की तिकड़ी पर मिली जिम्मेदारी



**भोपाल | रणजीत टाइम्स ब्यूरो**

भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश को नया संगठनात्मक चेहरा दे दिया है। बैतूल के लोकप्रिय विधायक और पूर्व सांसद श्री हेमंत खंडेलवाल को भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उस वक्त आई है जब प्रदेश में संगठन और सरकार के बीच सामंजस्य को लेकर कई सवाल उठाए जा रहे थे। सिर्फ नाम नहीं, काम और सामर्थ्य की वजह से खंडेलवाल जी को चुना गया।

## क्यों खास हैं हेमंत खंडेलवाल?

पूर्व सांसद व वर्तमान विधायक — सामाजिक जुड़ाव से लेकर संसदीय अनुभव तक का मजबूत बैकग्राउंड पार्टी के कोषाध्यक्ष और कुशाभाऊ ठाकरे ट्रस्ट के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण संगठनात्मक दायित्व निभा चुके हैं। विनम्र, सरल और विचारशील व्यक्तित्व — संघ के वरिष्ठ प्रचारकों और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भरोसा

संघ और सरकार का संतुलन

सूत्रों की मानें तो यह निर्णय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुरेश सोनी और केंद्रीय नेतृत्व की सहमति से हुआ। यह कदम पार्टी में संगठनात्मक मजबूती और नई पीढ़ी के नेतृत्व को तरजीह देने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

खंडेलवाल जी की पहली प्रतिक्रिया

“मैं संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के सम्मान की रक्षा करने और जनता से सीधा संवाद बनाने के संकल्प के साथ काम करूंगा।”

रणनीतिक संकेत — क्यों है यह नियुक्ति अहम?

1. पूर्वी और मालवा क्षेत्र में भाजपा की पकड़ को और मजबूत करना

2. सिंधिया, शिवराज, नरोत्तम और कैलाश विजयवर्गीय जैसे दिग्गजों के बीच संतुलन साधना

3. कार्यकर्ता आधारित नेतृत्व को बढ़ावा देना

# दिल्ली की CM रेखा गुप्ता का सरकारी 'महल' हो रहा तैयार, PWD पूरी ताकत के साथ VVIP व्यवस्था तैयार करने में जुटा



दिल्ली में पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार में पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास शीश महल पर हुए करोड़ों रूपए की बर्बादी को बीजेपी ने खूब जोर शोर से उठाया था। उस वक्त विपक्ष में रही बीजेपी ने इसे भारी भ्रष्टाचार बताते हुए जनता के पैसों की बर्बादी करार दिया था।

इस मुद्दे के दम पर पार्टी ने चुनाव में भी आम आदमी पार्टी की सरकार पर खूब हमला बोला और आखिरकार दिल्ली में सत्ता परिवर्तन करने में कामयाब रही। हालांकि, अब सत्ता में आने के बाद बीजेपी सरकार में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के सरकारी आवास की भी चर्चा जोरो पर है। क्योंकि, उनके बंगला में लोक निर्माण विभाग की तरफ से जिस तरह की वीवीआईपी व्यवस्था की जा रही है, वह विपक्ष को हमलावर होने का मौका जरूर दे देगा। उनका यह आवास सिविल लाइंस के राजनिवास मार्ग पर होगा। इस मार्ग पर स्थित बंगला नंबर 1/8 व 2/8 को मिलाकर मुख्यमंत्री आवास बनाया जाएगा। इसी में इनका कैंप कार्यालय भी होगा। विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट इनके पड़ोसी होंगे। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने इसकी मरम्मत की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## खनियाधाना में अपराधियों की खैर नहीं, नए थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर ने कमान संभालते ही दिखाए सख्त तेवर

**जगदीश पाल**

खनियाधाना( शिवपुरी )थाना क्षेत्र में अब अपराधियों के लिए मुश्किल दिन शुरू हो गए हैं। हाल ही में खनियाधाना थाने की कमान संभालने वाले तेजतर्रार पुलिस अधिकारी थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर कार्यभार ग्रहण करते ही सख्त रुख अपनाते हुए कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर ने पदभार ग्रहण करने के बाद समस्त बीट प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसी की बीट में महिला हिंसा ,अवैध शराब, जुआ-सट्टा व अपराध जैसा कारोबार पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों को प्राथमिकता दी जाए और किसी भी मामले को हल्के में न लिया जाए। उन्होंने कहा, “जनता को भरोसा दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। जो शांति भंग करेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस का काम सिर्फ कार्रवाई नहीं, बल्कि न्याय दिलाना है।” गब्बर सिंह गुर्जर को जिले के कई अहम थानों पर तैनाती का अनुभव है। उनकी छवि एक सख्त, अनुशासित और निष्पक्ष पुलिस अधिकारी की रही है। उन्होंने जहां-जहां कार्य किया, वहां अपराधियों पर सख्त कार्रवाई और आम जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार के लिए सराहे गए। खनियाधाना के नागरिकों ने नए थाना प्रभारी के आगमन पर स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि उनके आने से क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर लगाम लगेगी और आम लोग खुद को सुरक्षित महसूस करेंगे। उन्होने बताया कि थाना नया है, और जिम्मेदारी भी बड़ी है, क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत बनाए रखने कि पहली प्राथमिकता है, इसके साथ ही अपराधिक गतिविधियों में पुलिस कि कड़ी नजर रहेगी, थाना प्रभारी ने कहा कि अब अपराधी सावधान हो जाएं, यदि कोई थाना क्षेत्र मे किसी भी प्रकार का अपराध किया तो कठोर व कड़ी कानूनी कार्यवाई की जाएगी, अपराध करने वालो को बख्शा नही जाएगा, अपराधी य तो अपराध करना छोड दें, या थाना क्षेत्र से कही दूर चले जाए, गौरतलब हो कि टीआई गब्बर सिंह गुर्जर जिले के जिन थानो में रहे है, वहा अपराधी य तो अपराध करना छोड दिया, थाना प्रभारी गुर्जर ने क्षेत्र की जनता जनार्दन से यह अपील कि है कि यदि कही कोई अपराध हो रहा है, य कोई संदिग्ध गतिविधियां नजर आए तो इसकी सूचना खनियाधाना थाना पुलिस को अवश्य दें, पुलिस का सहयोग करें, पुलिस आपकी सुरक्षा करेगी।



## घरेलू हिंसा से प्रताड़ित महिला ने लगाई कलेक्टर से न्याय की



गुहार I इंदौर आदर्श मौलिक नगर निवासी पूजा पति मनीष बा थावी ने बताया कि मैं मेरा विवाह मनीष बाt थावी निवासी सुख लिया के साथ दिनांक 6 7 2018 को हिंदू रीति रिवाज के साथ राजी मर्जी से संपन्न हुआ था शादी के 2 महीने तक सब कुछ ठीक चल रहा था लेकिन शादी के 2 महीने बाद मेरे पति मनीष बा थावी ससुर महेश बा थावी सा स शकुंतला बा थवी जेठ सचिन जेठानी निक्की नंन द कविता लश्करी रूपा भारती वह नंदोई चिंतरण लश्करी द्वारा मुझे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा मेरा पति शराब पीकर आए दिन छोटी-मोटी बातों को लेकर मुझसे मारपीट वह गाली गलौज करता था और ससुर भी मुझे गंदी नजरों से देखते और और इधर-उधर हाथ मारते थे परिवार द्वारा मुझे से गलत काम करने के लिए मजबूर किया जाता था सास और ससुर दहेज की मांग भी करते थे और आए दिन दहेज के लिए भी मुझसे मारपीट की जाती थी यह बात पहले मैंने अपने मां-बाप को नहीं बताई थी जिससे मेरे पति सास ससुर का हौसला और बुलंद हो गया और वह मुझे ज्यादा प्रताड़ित करने लगे आखिर कर मैं थक हार कर मैंने इसकी शिकायत महिला थाना पलासिया वाहिरा नगर थाने पर की पर वहां भी मेरी शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की गई आखिरकार आज दिनांक 1 7 2025 को मैंने कलेक्टर आशीष सिंह के समक्ष परिवार की प्रताड़ना के खिलाफ न्याय की गुहार लगाइ कलेक्टर ने मुझे उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है अगर भविष्य में मुझे और मेरे दोनों बच्चों को कुछ भी होता है और मेरी बहन के घर वालों को भी कुछ होता है तो इसके जिम्मेदार मेरा पति मनीष बा थावी ससुर महेश बा थावी और सास शकुंतला बा थावी होंगे।

## मां ने रची नवविवाहिता बेटी को भगाने की साजिश, CCTV: थाने पहुंचकर बोली- काली कार वाले ले गए, चक्काजाम किया; दो साल से था प्रेम-प्रसंग

शिवपुरी के मेडिकल कॉलेज से सोमवार को एक नवविवाहिता के कथित अपहरण की खबर सामने आई। दिनभर चली अफवाहों, चक्काजाम और पुलिस की खोजबीन के बाद रात में ये पता चला कि ये कोई अपहरण नहीं बल्कि एक सोची-समझी प्रेम कहानी का ‘प्लॉट’ था, जिसे समाज में बदनामी से बचने के लिए परिजनों ने ‘किडनैपिंग’ का नाम दे दिया। घटना की शुरुआत सोमवार दोपहर चार बजे हुई, जब रामनगर की रहने वाली मिथलेश परिहार ने कोतवाली पहुंचकर बताया कि उसकी बेटी प्रीति परिहार (20) का मेडिकल कॉलेज से लौटते समय अपहरण हो गया है। मिथलेश के मुताबिक, जब वे दोपहर डेढ़ बजे ऑटो में मेडिकल कॉलेज से निकलीं, तभी 500 मीटर दूर एक काली कार ने ऑटो को रोका। उसमें से 5 लोग बहार निकले और मिथलेश को धक्का देकर नीचे गिरा दिया और बेटी प्रीति को जबरन गाड़ी में डालकर ले गए। उन्होंने ये भी कहा कि उन्हें कोई नशीली चीज सुंघाई गई, जिसके कारण वो विरोध नहीं कर पाई।

### पोहरी विधायक ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

अपहरण की खबर मिलते ही नवविवाहिता के ससुराल और मायके पक्ष के लोग कोतवाली पहुंच गए और हंगामा करने लगे। उन्होंने हंगामे के बाद रात 9 बजे माधव चौक पर चक्काजाम कर दिया। इसी बीच पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह भी मौके पर पहुंचे और पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सुबह तक युवती नहीं मिली तो मंगलवार सुबह फिर से





चक्काजाम किया जाएगा। ये बात उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट की।

### ये है पूरा मामला-

दरअसल रामनगर निवासी 20 साल की प्रीति परिहार की दो महीने पहले 30 अप्रैल को बैराड में अनिकेत परिहार से शादी हुई। शादी के दो साल पहले से ही उसका प्रेम प्रसंग कानपुर निवासी अमन कश्यप के साथ चल रहा था। प्रेम विवाह समाज को मंजूर नहीं था, इसलिए पहले समाज के युवक से प्रीति की शादी कराई गई। इसके बाद योजना बनाई गई कि कुछ दिन बाद अमन के साथ भागने को ‘अपहरण’ का रूप दिया जाएगा। मिथलेश ने अपने बेटे दीपक की मदद से ये साजिश रची। दीपक भी घटना के समय शिवपुरी में ही मौजूद था बचपन में मां की मौत हुई, ताई ने पाला

प्रीति की मां का बचपन में ही निधन हो गया था। उसके पिता शराब के आदी थे। ऐसे हालात में उसकी ताई मिथलेश परिहार ने उसे अपनी बेटी की तरह पाला-पोसा और शादी करवाई। लेकिन जब बेटी ने बोला की वो अपने प्रेमी के बिना नहीं रह सकती और जहर खा लेगी तो मां ने ये साजिश रची।

सीसीटीवी खंगाले तो सामने आई सच्चाई

शुरुआत में पुलिस को मिथलेश की बातों पर संदेह हुआ, क्योंकि पूछताछ में वो बार-बार बेहोश होने का नाटक कर रहीं थी। जब कोई ठोस सुराग नहीं मिला, तो पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। मेडिकल कॉलेज से लेकर माधव चौक तक के फुटेज में प्रीति और मिथलेश को ऑटो में बैठकर आते, उतरते और फिर मिर्ची बाजार की ओर जाते हुए देखा गया। ये सब डेढ़ बजे के बाद की गतिविधियां थीं, जिससे पता चला कि अपहरण की कहानी झूठी थी। मां ने बेटी भगाने की बात कबूली

पुलिस ने मां मिथलेश को सीसीटीवी फुटेज दिखाए। इसके बाद उसने बताया कि ये पूरा मामला समाज में बदनामी से बचने के लिए रचा गया था। प्रीति अपने प्रेमी अमन कश्यप से शादी करना चाहती थी, जो कि कानपुर का निवासी है और तीन साल से शिवपुरी के रामनगर टोल प्लाजा पर काम कर रहा है। दोनों के बीच दो साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था।

प्रेमी के साथ भागकर कानपुर पहुंची प्रीति

पुलिस की जांच में सामने आया कि अमन कश्यप सोमवार दोपहर अपनी कार से शिवपुरी आया और प्रीति को लेकर सीधे कानपुर निकल गया। पुलिस ने भाई दीपक को अपनी बहन प्रीति परिहार को फोन लगाने कहा और उससे बाद की। जैसे ही सच्चाई सामने आई, कोतवाली पुलिस रात ढाई बजे कानपुर रवाना हो गई है।

‘पूरा मामला झूठे अपहरण की कहानी पर आधारित’

कोतवाली प्रभारी कृपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि ये पूरा मामला झूठे अपहरण की कहानी पर आधारित था। पुलिस प्रीति को बरामद कर जल्द ही पूरे मामले का मां ने बेटी भगाने की बात कबूली


पुलिस ने मां मिथलेश को सीसीटीवी फुटेज दिखाए। इसके बाद उसने बताया कि ये पूरा मामला समाज में बदनामी से बचने के लिए रचा गया था। प्रीति अपने प्रेमी अमन कश्यप से शादी करना चाहती थी, जो कि कानपुर का निवासी है और तीन साल से शिवपुरी के रामनगर टोल प्लाजा पर काम कर रहा है। दोनों के बीच दो साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था।

प्रेमी के साथ भागकर कानपुर पहुंची प्रीति

पुलिस की जांच में सामने आया कि अमन कश्यप सोमवार दोपहर अपनी कार से शिवपुरी आया और प्रीति को लेकर सीधे कानपुर निकल गया। पुलिस ने भाई दीपक को अपनी बहन प्रीति परिहार को फोन लगाने कहा और उससे बाद की। जैसे ही सच्चाई सामने आई, कोतवाली पुलिस रात ढाई बजे कानपुर रवाना हो गई है।

‘पूरा मामला झूठे अपहरण की कहानी पर आधारित’


कोतवाली प्रभारी कृपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि ये पूरा मामला झूठे अपहरण की कहानी पर आधारित था। पुलिस प्रीति को बरामद कर जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करेगी

# रणजीत टाइम्स बना जनविश्वास की पहली पसंद प्रतिशत में नहीं, अब चर्चा में मिल रही हैं पहचान!

**इंदौर | विशेष संवाददाता**

रणजीत टाइम्स के ताज़ा संस्करण ने आते ही पाठकों के दिलों में खास जगह बना ली है। तस्वीर में दिखाई दे रहा है कि लोग पूरे मनोयोग से समाचार पत्र पढ़ रहे हैं, जिसमें दलित समाज की सच्चाई और वास्तविक मुद्दों पर बेबाक रिपोर्टिंग की गई है। “अब लोग समाचार पढ़ते नहीं, समझते हैं — और रणजीत टाइम्स की टीम उन्हें सच्चाई दिखा रही है।” हर सप्ताह पाठकों की संख्या में हो रही है अभूतपूर्व वृद्धि, और ‘रणजीत टाइम्स’ बनता जा रहा है हर घर की आवाज़।






## We Care For You

### Helpline 7049124444

इंदौर पुलिस कमिश्नरेट में महिलाओं को कॉल पर परेशान, अपशब्द कहने, छेड़छाड़ करने वालों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही हेतु We Care For You हेल्पलाइन की सुविधा उपलब्ध है। उक्त We Care For You हेल्पलाइन के माध्यम से स्कूल/कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं एवं महिलाओं को कॉल, मैसेज, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से परेशान / छेड़छाड़ करने वाले मनचलों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही हेतु उक्त हेल्पलाइन चलाई जा रही है, जिसमें महिलाओं की परेशानी से संबंधित समस्या का निराकरण किया जाता है। इंदौर शहर में रहने वाली महिलाएं एवं स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं से अपील है कि उपरोक्त किसी भी प्रकार परेशानी होने पर We Care For You हेल्पलाइन नंबर 7049124444 पर शिकायत करें।

**“आपकी सुरक्षा हमारा दायित्व”**

# धोबी घाट पर मोहर्रम मेले की अनुमति से उपजा विवाद, हिंदूवादी संगठनों का प्रदर्शन

**राजेश धाकड़**

## हनुमान चौक को बताया ‘क़र्बला मैदान’, जमीन आवंटन और शुल्क को लेकर उठे सवाल

इंदौर। हनुमान चौक, धोबी घाट क्षेत्र में आगामी मोहर्रम मेले (6, 7, 8 जुलाई) के लिए नगर निगम द्वारा दी गई अनुमति पर विवाद गहरा गया है। हिंदूवादी संगठनों और ‘हनुमान चौक धोबी घाट रक्षा समिति’ ने इस निर्णय का विरोध करते हुए सोमवार को क्षेत्र में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि नगर निगम ने धार्मिक और भावनात्मक रूप से संवेदनशील स्थल को ‘क़र्बला मैदान’ दर्शाते हुए मेले की अनुमति दी है, जो अस्वीकार्य है। प्रदर्शन के दौरान सैकड़ों की संख्या में हिंदूवादी कार्यकर्ता



हनुमान चौक पहुंचे और नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हनुमान मंदिर में सामूहिक आरती की। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हिंदूवादी नेता सुमित हार्डिया ने कहाः तीन एकड़ बेशकीमती सरकारी जमीन पर तीन दिन का मेला लगाने के लिए सिर्फ एक लाख रुपए में अनुमति देना — जिसमें 85,000 आयोजन शुल्क और 15,000 जीएसटी शामिल है — पूरी तरह पक्षपातपूर्ण और अनुचित है।”

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मेले की अनुमति पत्र में स्थल को ‘क़र्बला मैदान’ लिखना न सिर्फ तथ्यों से परे है, बल्कि क्षेत्र की धार्मिक पहचान के साथ छेड़छाड़ है।

3 दिन के मेले के लिए मात्र 1 लाख शुल्क में दी गई अनुमति

अनुमति पत्र में स्थल का नाम ‘क़र्बला मैदान’ दर्शाना धार्मिक स्थल की अनदेखी और हनुमान चौक की अवमानना नगर निगम की भूमिका पर हिंदूवादी संगठनों का सवाल प्रदर्शन के बाद हिंदूवादी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि अनुमति को तत्काल निरस्त नहीं किया गया, तो अगला कदम नगर निगम का घेराव होगा।

# समाजसेवी नितिन सुर्वे जी का जन्मदिवस मनाया गया-चाहने वालों ने दिया भावुक सरप्राइज

**इंदौर | विशेष प्रतिनिधि**

भारतीय जनता पार्टी के करमठ कार्यकर्ता एवं समाजसेवा के लिए सदैव समर्पित रहने वाले श्री नितिन सुर्वे जी का जन्मदिवस इस बार एक खास अंदाज में मनाया गया। हालांकि उन्होंने स्वयं अपने जन्मदिन को न मनाने का निर्णय लिया था, यह कहते हुए कि – “जब मेरे परिचितों के जीवन में कुछ अधूरापन या दु:ख है, तब मैं कैसे जश्न मना सकता हूँ?” लेकिन उनके चाहने वाले कहां मानने वाले थे! ढोल-नगाड़ों और ज़ोरदार स्वागत के साथ, उन्हें एक सरप्राइज




पार्टी दी गई, जिसे देखकर वे भावुक हो उठे। उन्होंने सबका हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा: “सुख में साथ मत देना, पर जब कोई दुख में हो, तब जरूर उसका सहारा बनना।”

इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे: करणी सेवा भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र सिंह गौतम जी रणजीत टाइम्स के संपादक श्री गोपाल गावंडे जी तिवारी जी समेत कई अन्य गणमान्य मित्रगण। इस सादगी भरे लेकिन भावनात्मक समारोह ने यह सिद्ध कर दिया कि सच्ची लोकप्रियता दिलों में जगह बना लेती है — और नितिन सुर्वे जी वास्तव में सबके दिलों में बसते हैं।

# विषय: विश्व खेल पत्रकार दिवस – खेल और कलम के सच्चे योद्धाओं को सलाम

## विश्व खेल पत्रकार दिवस क्यों मनाया जाता है?

हर वर्ष 2 जुलाई को दुनिया भर में “विश्व खेल पत्रकार दिवस (World Sports Journalists Day)” मनाया जाता है — यह दिन उन पत्रकारों को समर्पित है, जो खेल की दुनिया की सच्ची तस्वीर जनता तक पहुंचाते हैं। मैदान में भले ही खिलाड़ी चमकते हैं, लेकिन पर्दे के पीछे एक पूरी टीम होती है जो उन पलों को शब्दों, कैमरे और आवाज के जरिए अमर




बनाती है – और उन सबमें सबसे प्रमुख होते हैं खेल पत्रकार।

इतिहास और शुरुआत

यह दिवस पहली बार 1994 में मनाया गया था, जब International Sports Press Association (AIPS) ने अपने गठन की 70वीं वर्षगांठ पर इसे प्रारंभ किया। AIPS की स्थापना 2 जुलाई 1924 को फ्रांस के पेरिस में हुई थी, जब पेरिस ओलंपिक के दौरान दुनिया भर के खेल पत्रकार एकजुट हुए थे। तब से लेकर आज तक, यह दिन खेल पत्रकारिता में उत्कृष्टता, ईमानदारी और निष्पक्षता का प्रतीक बन चुका है।

खेल पत्रकारों की भूमिका

1. खेल के पलों को अमर बनाना वे सिर्फ स्कोर नहीं बताते, बल्कि संघर्ष, भावना और प्रेरणा की कहानियाँ लिखते हैं।

2. मैदान के पीछे की सच्चाई सामने लाना खिलाड़ियों की मेहनत, रणनीति, चोट और वापसी — हर पहलू को उजागर करना।

3. खेल को गांव से ग्लोबल तक पहुंचाना उनके लेख, फोटो और रिपोर्ट्स से देश के छोटे खिलाड़ी भी पहचान बना पाते हैं।

4. खेल भावना और निष्पक्षता को बढ़ावा देना पत्रकारिता के माध्यम से खेलों में नैतिकता, शांति और एकता का संदेश फैलाते हैं।

रणजीत टाइम्स की ओर से सम्मान

रणजीत टाइम्स परिवार की ओर से हम उन सभी खेल पत्रकारों को सलाम करते हैं जो बिना थके, बिना रुके खेल प्रेमियों तक सच्ची खबरें और उत्साह पहुँचाते हैं। »

“एक खिलाड़ी जीतता है मैदान में, पर उसकी कहानी जीती है अख़बार की पंक्तियों में।”

“कलम के धावक वो हैं, जो शब्दों से मैदान खड़ा कर देते हैं।”

**आज का संदेश:**

Happy World Sports Journalists Day “Thanks to those who turn moments into memories, matches into stories, and athletes into legends.”

रणजीत टाइम्स का संकल्प है कि वह हर उस पत्रकार की आवाज़ को आगे लाएगा, जो खेल को एक जुनून की तरह जीता है।

**सफाई अपनाओ- बीमारी भगाओ अभियान 2.0 का शुभारंभ**

# मानसून के दौरान स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु नगर निगम की विशेष पहल

## 1 जुलाई से 31 अगस्त तक चलेगा अभियान

**इंदौर | विशेष प्रतिनिधि**

इंदौर । दिनांक 1 जुलाई 2025। मानसून के दौरान होने वाले स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को कम करने के उद्देश्य से भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत “सफाई अपनाओ – बीमारी भगाओ अभियान 2.0” की शुरुआत की गई है। आयुक्त श्री वर्मा द्वारा इस अभियान का शुभारंभ गांधी हॉल में किया गया। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अखिलेश उपाध्याय, निगम के अधिकारीगण, बड़ी संख्या में सफाई मित्र एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अभियान का मुख्य उद्देश्य मानसून में फैलने वाली जल जनित एवं वेक्टर जनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि की रोकथाम के लिए स्वच्छता को एक जनांदोलन बनाना है। यह अभियान 01 जुलाई से 31 अगस्त 2025 तक दो महीने तक चलाया जाएगा।

**अभियान के मुख्य बिंदु:**

अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के अंतर्गत निम्न प्रमुख गतिविधियाँ की जाएँगी:

कचरा संभावित स्थलों पर विशेष सफाई अभियान, सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई, जल गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु नमूनों की जांच, अपशिष्ट संग्रहण और परिवहन की व्यवस्था में सुदृढ़ता, घर-घर जाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना सभी झोन एवं वार्ड स्तर पर सफाई की सतत निगरानी

**अभियान के छह मूलमंत्र :**

1. स्वच्छ हाथ
2. स्वच्छ घर
3. स्वच्छ पड़ोस
4. स्वच्छ शौचालय
5. स्वच्छ नालियां व जल निकाय
6. स्वच्छ सार्वजनिक स्थल

इन मूलमंत्रों को आधार बनाकर अभियान को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा।

## सफाई मित्रों का सम्मान

इस अवसर पर आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने अभियान का विधिवत लॉन्च किया एवं सफाई मित्रों द्वारा साझा किए गए अनुभवों को सराहा। अभियान को सफल बनाने हेतु सभी 22 झोन से चयनित 22 सफाई मित्रों एवं प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों के प्रतिनिधि सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया एवं स्वच्छता किट प्रदान की गई। विशेष रूप से, 56 दुकान रहवासी संघ के अध्यक्ष श्री गुनजन शर्मा को स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त, यूनिसेफ के सहयोग से सफाई मित्रों को सुरक्षा उपकरण, स्वच्छता से जुड़े नवाचारों और स्वस्थ्यकर कार्यप्रणाली के बारे में प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

आयुक्त श्री वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि “स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। ‘सफाई अपनाओ – बीमारी भगाओ अभियान’ का उद्देश्य केवल सफाई नहीं, बल्कि शहरवासियों के स्वास्थ्य की रक्षा करना है। सभी नागरिक इस अभियान से जुड़ें और स्वस्थ इंदौर के निर्माण में भागीदार बनें।”

# लायंस क्लब के निवृतमान अध्यक्ष श्री राघवेंद्रसिंह सेंगर ने मौजूद मीडिया कर्मियों एवं लायंस क्लब को हमेशा ही अपनी सेवाओं से प्रभावित करने वाले लोगों का किया सम्मानित

**लायन मयंक काबरा बने नए अध्यक्ष**

**रंजीत टाइम्स**

मक्सी लायंस क्लब मक्सी का शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में जैन पथ, मक्सी पर मंगलवार को संपन्न हुआ। जिसमें पूर्व अध्यक्ष भाई राघवेंद्र सिंह सेंगर के द्वारा मौजूद अतिथियों को स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया आपको बता दें कि उनके कार्यकाल में लायंस क्लब मकसी के द्वारा कई उपलब्धि हासिल की गई थी एवं उनका कार्यकाल भी काफी शानदार रहा था जिसमें उन्होंने कई सामाजिक एवं रचनात्मक कार्य किए थे उनकी कार्यशैली के वजह से लोग श्वेता ही उनसे जुड़ जाते थे वही लाइंस क्लब के द्वारा निरंतर उनके कार्यकाल में हजारों सफलतापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे उसी के नियमित सोमवार को उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें नए अध्यक्ष के रूप में लाइन मयंक काबरा को अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की कार्यक्रम के शपथ अधिकारी प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (इलेक्ट) लायन जय प्रकाश त्रिपाठी रहे, जिन्होंने लायन मयंक काबरा के साथ उनकी टीम ने भी शपथ ली जिनमें सचिव – लायन श्रीधर माहेश्वरी सह-सचिव – लायन शीला पटेल कोषाध्यक्ष – लायन हेमंत पटेल सह-कोषाध्यक्ष – लायन भरत परमार प्रथम उपाध्यक्ष – लायन अमर सिंह कुशवाह द्वितीय उपाध्यक्ष – लायन जी.एस. दीक्षित तृतीय उपाध्यक्ष – लायन सीमा भावसार टैमर – लायन भरत खरलोया टेल ट्विस्टर – लायन दुर्गा पाटीदार क्लब मार्केटिंग चेयरपर्सन – लायन प्रकाश भावसार क्लब मेंबरशिप चेयरपर्सन – लायन ओमप्रकाश शर्मा क्लब सर्विस एक्टिविटी चेयरपर्सन – लायन रामप्रसाद पाटीदार LCIF कोऑर्डिनेटर – लायन अशोक जोशी संचालक (एक वर्ष हेतु) – लायन विमला शर्मा, लायन मणिशंकर नगर, लायन डॉ.



जी.के. जैन संचालक (दो वर्ष हेतु) – लायन रमेश काबरा, लायन सुषमा काबरा, लायन श्यामा नगर कार्यक्रम में रीजन चेयरपर्सन लायन डॉ. कुंदन सोनी, जोन चेयरपर्सन लायन सुनीता शर्मा ने निवर्तमान अध्यक्ष लायन रघुवेंद्र सिंह सेंगर के बीते वर्ष की सफल सेवा गतिविधियों के लिए सराहना की और नई टीम को शुभकामनाएं दीं। सचिव रिपोर्ट लायन मयंक काबरा ने एक रचनात्मक वीडियो प्रस्तुति के रूप में दी, जिसे सभी ने अत्यंत सराहा। कोषाध्यक्ष रिपोर्ट लायन हेमंत पटेल ने प्रस्तुत की। निवर्तमान अध्यक्ष लायन राघवेंद्र सिंह सेंगर ने सभी अतिथियों, सदस्यों एवं उपस्थित पत्रकारों का आभार व्यक्त किया तथा गुरु कृपा लैब के सुरेन्द्र पटेल एवं शरद जी रावल को क्लब के प्रति सहयोग के लिए सम्मानित किया। लायंस क्लब मकसी के गौरव, इंटरनेशनल डायरेक्टर (एंडोर्सी) लायन रमेश काबरा,विशिष्ट अतिथि के रूप में इंदौर से पधारे CEO लायन एन.के. मेहता, डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट ट्रेजरार लायन विनोद जोशी एवं लायन सी.एम. श्रीवास्तव ने भी टीम को बधाई दी। अंत में, नए सचिव लायन श्रीधर माहेश्वरी ने सभी का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का सुंदर संचालन लायन शीला पटेल एवं लायन सुषमा काबरा ने किया।

# टेंकर वितरण कार्यक्रम में 6 ग्राम पंचायत को मिले टैंकर , खिले चेहरे सांसद का माना आभार



**रंजीत टाइम्स**

बड़ावदा। सांसद अनिल फिरोजिया द्वारा आलोट विधानसभा के बड़ावदा मण्डल में 6 टेंकर ग्राम पंचायतो को दिए गए । टैंकर वितरण कार्यक्रम मंगलवार को ग्राम भूतेड़ा में रामदेवजी मन्दिर पर किया गया । कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष लोकेश शर्मा द्वारा सभी जनप्रतिनिधियो को बुलाकर टेंकर वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनधि शंभूलाल चंद्रवंशी, जनपद सदस्य सुश्री प्रिया कुंवर , दुर्गलाल अटोलिया, कैलाश मालवीय एव रायसिंह चंद्रवंशी ,सरपंच प्रतिनिधि सुमेर सिंह, राजेश आंजना ,अजय शाक्य बनेसिंह सोलंकी, दशरथ गुर्जर, पिंकी धर्मेंद्र वासुनिया ग्राम पंचायत सचिव एव ग्रामीण जन उपस्थित रहे । इन पंचायतों को मिले टेंकर.... टेंकर प्राप्त करने वाली पंचायत गड़गड़िया, नीमन, उपलाई ,खोजनखेड़ा, हाटपिपलिया ,खजुरिया है। सभी सरपंचों के चेहरे टैंकर मिलते ही खिल उठे। सभी ने सांसद व मंडल अध्यक्ष लोकेश शर्मा का आभार माना।

# छत विहीन स्कूल में पढ़ाई कर रहे बच्चे, बारिश में हो रही परेशानी,नही पहुंचते शिक्षक

**रंजीत टाइम्स**



खेतिया । ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार हेतु शासन स्तर पर अनेको प्रयास किये जाते है जो योजनाए कागजो व आंकड़ों में मजबूत दिखाई देती वही जमीनी हकीकत यह कि विद्यालयभवन ऐसा जिसकी निर्माण के साथ छत ही नही बनी,,शिक्षक ऐसे जो विद्यालय कभी कभी जाते,,खेतिया क्षेत्र के ग्राम जाल्यापानी स्थित फुलजी फल्या प्राथमिक विद्यालय का भवन छत विहीन होने से35 से अधिक बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कुछ वर्षों पूर्व निर्मित विद्यालय में छत डाली ही नही गई ,बगैर छत के ही विद्यालय लगने लगा,हर वर्ष बारिश में बच्चे परेशानी उठाते है,,दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में होने से शिक्षक भी विद्यालय नही पहुंचते है।

विद्यालय भवन की स्थिति इतनी दयनीय है कि यह केवल नाम का विद्यालय बनकर रह गया है।छतविहीन विद्यालय में बच्चों के बैठने की व्यवस्था नदारद है, पीने के पानी का कोई प्रबंध नहीं है और चारों ओर से टूटी हुई दीवारें और अधूरे शौचालय स्थिति को और खराब कर रहे हैं। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालय में शिक्षक बारिश के चलते फल्या में पटेल घर में स्कूल लगा रहे है, जहां कि बच्चों के लिए बैठने की कोई पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षक कभी आते हैं कभी नहीं आते, ऐसे में बच्चों के भविष्य पर भारी असर हो रहा है। हमारे संवाददाता जब स्कूल पहुंचे तो पाया कि आज भी शिक्षक देर से ही विद्यालय आये,जिसे शिक्षक ने स्वीकार भी किया ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा को लेकर लापरवाही समक्ष आ रही,विद्यालय की इस बदहाल स्थिति को सुधारने के लिए सरकार और शिक्षा विभाग को तत्काल कदम उठाने होंगे। साथ ही शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना भी जरूरी है। पंचायत के ग्रामीण डावर सहित ग्रामीणों ने बताया कि वे अपने बच्चों को इस विद्यालय में पढ़ाने के लिए मजबूर हैं, क्योंकि उनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं है। वे चाहते हैं कि सरकार और शिक्षा विभाग उनकी समस्याओं का समाधान करे और विद्यालय की स्थिति में सुधार लाए।शिक्षक भी यहाँ कभी कभी ही आते है,हमारे संवाददाता के विद्यालय पहुंचने व ग्रामीणों से चर्चा करने के दौरान सूचना मिलने पर शिक्षक वहां आये, शिक्षक गोपाल धुर्वे ने बताया कि स्कूल का समय सुबह 10.30 से शाम 4 बजे तक का है व मैं आज 11.45पर यहाँ आया हु,,भवन की स्थिति ठीक नही है,पटेल के यहाँ फ़िलहाल स्कूल चला रहे विद्यालय में 35 दर्ज विद्यर्थि में से अभी 12/15 ही आ रहे।

ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को लेकर शासन की योजनाएं धरातल पर विफल दिखाई देती है जहां एक और ग्रामीण शिक्षकों के ना आने की बात कहते हैं वहीं शिक्षक स्वयं देरी से आने का की बात स्वीकार करते हैं। शासन द्वारा योजनाओं को लेकर कई स्तर पर मॉनिटरिंग की जाती है किंतु दुखद है की मॉनिटरिंग के बाद भी शिक्षा की बदहाली पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है शिक्षकों के लापरवाही के साथ-साथ निर्माण कार्यों में की अनियमितताओं को लेकर कार्रवाई अवश्य होनी चाहिए वही जिनके जिम्मेदारी इनके अवलोकन की है उनके विरुद्ध भी कार्रवाई होनी चाहिए ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय विद्यालय ही पालको के लिए अपने बच्चों की शिक्षा के साधन है ऐसे में शासन की लापरवाही ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का भविष्य बिगाड़ रहे प्रशासन को इस ओर शीघ्रता से ध्यान देना चाहिए।

# मोहर्रम के चल समारोह को लेकर उज्जैन पुलिस की महत्वपूर्ण बैठक

## शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन पर विशेष जोर

**रंजीत टाइम्स**

**उज्जैन। मोहर्रम के अवसर पर निकलने वाले घोड़ा, बुर्राक, ताजिया, दुलदुल एवं अखाड़ों के चल समारोह को सादगीपूर्ण, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज पुलिस नियंत्रण कक्ष, उज्जैन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।**

यह बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) नीतेश भार्गव के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक (कोतवाली) राहुल देशमुख, नगर पुलिस अधीक्षक (जीवाजीगंज) सुमित अग्रवाल के साथ ही राजस्व विभाग, नगर पालिका निगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस




अवसर पर शहर काजी श्री खलिकउर्रहमान सहित विभिन्न आयोजन समितियों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य मोहर्रम के आयोजन के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित समस्याओं पर विचार-विमर्श करना एवं उनके समाधान हेतु समन्वित और प्रभावी रणनीतियाँ तैयार करना रहा। बैठक के दौरान चल समारोह के सुचारू संचालन हेतु आयोजन समितियों को निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए, जिन पर सभी प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति व्यक्त की: चल समारोह का आयोजन निर्धारित समय एवं मार्ग के अनुसार किया जाए। समिति के सदस्य निर्धारित ड्रेस कोड में रहें। आयोजन में स्वयंसेवकों (वालंटियर्स) की नियुक्ति कर व्यवस्था में पुलिस को सहयोग करें। समारोह के दौरान धारदार हथियार, लाठियाँ, डीजे आदि का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उज्जैन पुलिस सभी आयोजन समितियों एवं नागरिकों से अपील करती है कि वे मोहर्रम के चल समारोह को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने हेतु प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

# बच्चों एवं यात्रियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने दिये

## वाहनों की जाँच के निर्देश




**रंजीत टाइम्स**

शाजापुर। शाजापुर जिले में स्कूली बच्चों और आम यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने आज जिला परिवहन अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वे स्कूली और यात्री वाहनों की सघन जांच लगातार जारी रखें।

### अवैध संचालन पर कठोर कार्रवाई करें

कलेक्टर सुश्री बाफना ने विशेष रूप से निर्देशित किया है कि कोई भी स्कूली वाहन बिना वैध फिटनेस प्रमाण-पत्र और चालक के पुलिस सत्यापन के बिना संचालित नहीं होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी स्कूल बस में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन न किया जाए। यात्री वाहनों की भी नियमित रूप से जांच की जाएगी, और बिना फिटनेस प्रमाण-पत्र वाले किसी भी वाहन को चलने नहीं दें।

### विद्यालयों से नियम पालन करवाएं

कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वे विद्यालय प्रबंधन और वाहन संचालकों की बैठक लें और सभी निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं।

### उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें

कलेक्टर ने चेतावनी दी है कि यदि कोई वाहन संचालक या स्कूल प्रबंधन नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई करें। इस पहल का उद्देश्य जिले में सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि सभी नागरिक, विशेषकर बच्चे, सुरक्षित यात्रा करें।

# चौकी झकनावदा परिसर में हरियाली महोत्सव को मेरा थाना मेरा वन अभियान के रूप में मनाया

**निलेश सोनी**

झकनावदा। चौकी परिसर झकनावदा में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र जी मोदी भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तारतम्य में झाबुआ जिला पुलिस कप्तान पद्म विलोचन शुक्ल के निर्देश अनुसार मेरा थाना मेरा वन अभियान के तहत झकनावदा चौकी परिसर में आयोजन आयोजित किया गया। जिसमें आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में झाबुआ एसडीओपी गिरीश कुमार जेजुरकर उपस्थित रहे। सर्व प्रथम झकनावदा चौकी प्रभारी विनोद सोलंकी द्वारा अतिथि का स्वागत सत्कार किया गया। बाद एसडीओपी जेजुरकर ने मेरा



थाना मेरा वन अभियान के तहत चौकी परिसर में पौधारोपण किया। एवं मेरा थाना मेरा वन अभियान का महत्व बताया।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश कांसवा,भाजपा नेता परीक्षित सिंह राठौर,बालू मेड़ा,लक्ष्मण प्रजापत, शांतिलाल कांसवा,राम जोशी,अशोक राठौड़ एवं प्रधान आरक्षक अविनाश, आरक्षक दीपक ,क्षैत्रिय कोटवार,स्कूली छात्र छात्राएं, शिक्षक शिक्षिका व ग्रामीणजन एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# "युवा संगम" जिला स्तरीय रोजगार मेला 2 जुलाई को

**रंजीत टाइम्स**

झाबुआ । मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार तथा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भोपाल तथा रोजगार संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये जारी कैलेण्डर अनुसार प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार/स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किये जाने के निर्देश के अनुक्रम में 2 जुलाई 2025 बुधवार को शासकीय आईटीआई झाबुआ में प्रातः 11:00 बजे रोजगार/स्व-रोजगार योजनान्तर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में निजी क्षेत्र की कम्पनियों/प्रतिष्ठानों में उपलब्ध लगभग 200-300 रिक्त पदों के लिये चयन किया जायेगा। जिले के शिक्षित बेरोजगार महिला/पुरुष अभ्यर्थी जिनकी उम्र 18-35 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता-5वीं से 12वीं, आईटीआई, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा एवं स्नातक उत्तीर्ण हैं वे साक्षात्कार में सम्मिलित हो सकते हैं। मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजनान्तर्गत पंजीकृत प्रतिष्ठानों द्वारा चयनित पात्र आवेदकों को शासन के नियमानुसार स्टाईपेण्ड दिया जायेगा। रोजगार मेले में शासन की हितग्राही मूलक योजनान्तर्गत हितग्राहियों को विभिन्न घटक विभागों द्वारा स्वीकृत ऋण के हितलाभ का वितरण भी किया जायेगा। शहरी व ग्रामीण इच्छुक आवेदक अपने शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य समस्त मूल प्रमाण-पत्रों, पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, समग्र आईडी एवं बायोडाटा सहित 2 जुलाई 2025 को शासकीय आईटीआई झाबुआ में आयोजित रोजगार मेले में उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते हैं।

## बड़ावदा नगर परिषद ने सांदीपनी विद्यालय बड़ावदा में रोपे पौधे... पर्यावरण को जीवित रखना है तो पौधारोपण जरूरी...कल्पनाकुमावत




**रंजीत टाइम्स**

बड़ावदा । एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत सांदीपनी शा .उ. मा .विद्यालय बड़ावदा प्रांगण मे नगर परिषद बड़ावदा व इको क्लब के नेतृत्व में संयुक्त रूप से मंगलवार को पौधा रोपण किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष कल्पना कुमावत के आतिथ्य मे नीम ,बढ़,विद्या,अशोक, जामुन, आदि प्रजाति के 10 पौधो को लगाया गया। इको क्लब प्रभारी शांतिलाल झाला , प्राचार्य श्रीमती माया सोनी श्रीमती कल्पना कुमावत( अध्यक्ष न.प.बड़ावदा),राजेन्द्र कुमावत (अध्यक्ष प्रतिनिधि),मनोज कुमार शर्मा, नपा अधिकारी, उमराव सिंह गुर्जर( पार्षद प्रतिनिधि ),शैलेन्द्र व्यास( पार्षद प्रतिनिधि ),ने पौधे रोपे।इस अवसर पर इंजीनियर एवं नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित थे। स्टाफ के जाहिद शाह खान,अकिल एहमद पठान,प्रहलाद पाटीदार,असीम श्रोत्रिय,मोहन लाल सोनार्तिया,हंसा बघेल,सुशील मईड़ा,घनश्याम पाटीदार,कृष्णपाल त्रिपाठी,मुकेश बैरागी,निर्मला गहलोत, रेखा दडिंग,शंकरलाल मालवीय,सुरेश व्यास,गणेश राम आर्द्रा,कृष्णचंद्र सक्सेना,जितेंद्र बग्गड़,ईश्वर परमार आदि उपस्थित थे।

**जीवन में एक पौधा जरूर लगाए....**

नगर परिषद अध्यक्ष कल्पना कुमावत ने कहा कि यदि हमें पर्यावरण को जीवित रखना है तो जीवन में एक पौधा अवश्य लगाए। पेड़ ही हमारी मां है ।जो की सुरक्षा कवच बनाकर हमारी रक्षा करेगा। पौधा रोपण करने के पश्चात उनकी देखभाल करना भी हमारी जिम्मेदारी है। तभी पौधे लगाना सार्थक होगा।

## केशव विद्यापीठ में नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया गया



**रंजीत टाइम्स**

झाबुआ । केशव विद्यापीठ में 01 जुलाई को नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर डॉक्टर के द्वारा समाज और देश के लिए किये गये समर्पण एवं योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मानित किया जाता है। इस अवसर पर सिद्धि विनायक हॉस्पीटल झाबुआ के डॉक्टर राजिव परमार (प्रजापति) के मुख्य आतिथ्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात् डॉक्टर परमार का माल्यार्पण कर स्वागत गीत के साथ डॉक्टर्स डे की थीम पर आधारित गीत पर बच्चों के द्वारा नृत्य के साथ सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डॉक्टर राजिव परमार द्वारा उपस्थित बच्चों को बताया गया कि डॉक्टर का जीवन बहुत संघर्षपूर्ण होता है। डॉक्टर को ट्रेनिंग के दौरान ही शपथ दिलवाई जाती है कि डॉक्टर को अपने परिवार को छोड़कर मरीजों की सेवा में दिनरात लगे रहना पडेगा तथा रोगी के रोग का निदान ही उनका मुख्य कर्तव्य होगा। तत्पश्चात् डॉक्टर परमार द्वारा बच्चों से पुछा गया कि कौन-कौन डॉक्टर बनना चाहते है इस पर सभी बच्चों ने अपने हाथ ऊपर उठाकर डॉक्टर बनने की सहमती प्रदान की। संस्था संचालक श्री ओमप्रकाश शर्मा ने बच्चों को बताया कि डॉक्टर्स का हमारे जीवन में बहुत बड़ा योगदान होता है। डॉक्टर हमारे जीवन के रक्षक होते है वे हमें विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाते है। श्री शर्मा ने बताया कि झाबुआ आदिवासी बहुल्य क्षेत्र होने के कारण बाहर से डॉक्टर आना नहीं चाहते है लेकिन डॉक्टर परमार ने रूची दिखाते हुए झाबुआ में सिद्धी विनायक हॉस्पीटल खोलकर झाबुआ को उपहार प्रदान किया है। इस अवसर पर संस्था प्राचार्या श्रीमती वन्दना नायर की गरिमामय उपस्थिति में समस्त स्टाप एवं बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका संजना मावी द्वारा किया गया तथा आभार उप प्राचार्या श्रीमती शची भार्गव द्वारा व्यक्त किया गया।

# कलेक्टर कार्यालय परिसर में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश गान का गायन किया गया

### जून माह में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर श्रीमती अनिता बिलवाल एवं श्रीमती अनसिना वसुनिया को "बेस्ट इम्प्लॉय ऑफ द मन्थ" का प्रमाण पत्र दिया गया

**रंजीत टाइम्स**



झाबुआ । मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार प्रतिमाह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश गान का गायन कार्यालय परिसर में किया जाना है। इसी तारतम्य में 01 जुलाई 2025 को कलेक्टर कार्यालय परिसर में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश गान का गायन किया गया।

गायन के पश्चात कलेक्टर नेहा मीना ने कलेक्टर कार्यालय के राजस्व विभाग के सहायक ग्रेड तीन श्रीमती अनिता बिलवाल ने ज्युडिशियल क्लर्क क्षेत्र में समय-सीमा में महत्वपूर्ण आदेशों को जारी कराना , फाईलों का सही संधारण एवं अन्य कार्यों को सुचारु रूप से सम्पादित करने एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना थांदला की पर्यवेक्षक श्रीमती अनसिना वसुनिया ने सेक्टर भायल में अधिक से अधिक गर्भवती महिला को योजना का लाभ समय-सीमा में दिलवाया जाकर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को ग्रामीण क्षेत्रों में फलीभूत रूप से क्रियान्वित करने के लिए जून माह में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर "बेस्ट इम्प्लॉय ऑफ द मन्थ" का प्रमाण पत्र दिया गया। कलेक्टर ने दोनों कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित सभी कर्मचारियों को इसी प्रकार अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र सिंह चौहान, सहायक कलेक्टर श्री आशीष कुमार, डिप्टी कलेक्टर श्री एच एस विश्वकर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ श्री भास्कर गाचले, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती सुप्रिया बिसेन , जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री आर एस बघेल, एवं अन्य जिला अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इंदौर नगर निगम द्वारा डॉक्टर्स और सीए डे पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन

## महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा- डॉक्टर्स जीवन के रक्षक, सीए आर्थिक संरक्षक हैं

**रंजीत टाइम्स**

इंदौर। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर इंदौर नगर निगम द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन नगर निगम मुख्यालय स्थित अटल सभागार में महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में संपन्न हुआ।इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर्स और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को उनके समाजिक और पेशेवर योगदान के लिए मोमेंटो, शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य निरंजन सिंह चौहान,अभिषेक शर्मा बबलू अश्विनी शुक्ल नंदकिशोर पहाड़िया भी सम्मिलित हुए महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा, "डॉक्टर्स हमारे जीवन के रक्षक हैं और सीए हमारे आर्थिक संरक्षक। दोनों ही समाज के अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ हैं।"

उन्होंने यह भी घोषणा की कि नगर निगम प्रतिवर्ष 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे और सीए डे को संयुक्त रूप से मानता आया हैं और यह क्रम जारी रहेगा, ताकि समाज में इन दो प्रमुख पेशों के योगदान को समर्पित भाव से पहचाना जा सके। महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि डॉक्टर्स और सीए – दोनों ही ऐसे पेशेवर हैं जो समाज की भलाई के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में निस्वार्थ सेवा करते हैं। "स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था— दोनों की चिंता करने वाले एक ही दिन सम्मानित हों, यह हमारे लिए गर्व की बात है।" उन्होंने कहा कि नगर निगम का यह प्रयास है कि प्रोफेशनल्स केवल अपने कार्यक्षेत्र तक सीमित न रहें, बल्कि वे समाज और राजनीति से भी जुड़ें।




महापौर ने बीते तीन वर्षों के दौरान नगर निगम की उपलब्धियों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि कैसे नागरिकों के साथ मिलकर इंदौर को स्वच्छता में नंबर वन बनाया गया और आज देश की तमाम बड़ी कंपनियां इंदौर का रुख कर रही हैं। मुख्य अतिथि डॉ. गुनमीत बिंद्रा ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा "हम जीवन के उन विषयों के साथ बड़े हुए हैं, जिनमें सार छिपा होता है। आज इस सभागार में दोनों—स्वास्थ्य और समृद्धि के रक्षक मौजूद हैं। आप सभी 'सुपरह्यूमन बीइंग्स' हैं।"* उन्होंने डॉक्टर और सीए की तुलना समाज के नैतिक स्तंभों से की और कहा कि इनकी जिम्मेदारियाँ सिर्फ पेशेवर नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक भी हैं।डॉ. बिंद्रा ने कहा "इतने अच्छे बनो कि लोग तुम्हें नजरअंदाज न कर सकें, और इतने नैतिक बनो कि कोई तुम्हारा विकल्प न बन सके।" उन्होंने महापौर भार्गव के कार्यों की भी सराहना करते हुए उन्हें ऐसा जनप्रतिनिधि बताया जो औपचारिकता नहीं, बल्कि हर जिम्मेदारी को मिशन की तरह निभाते हैं।

**चार्टर्ड अकाउंटेंट्स**

श्रीमती केमिशा सोनी
श्री सुमित नेमा
श्री विक्रम गुप्ते
श्री सुनील नाहटा
श्री विजय बंसल
श्रीमती कीर्ति जोशी
श्री नवीन खंडेलवाल
श्री अनुभव जैन
श्री आनंद जैन
श्रीमती गर्जना राठौड़

**डॉक्टर्स**

डॉ. एस.एल. सोनी
डॉ. ओपी अग्रवाल
डॉ. सौरभ मालवीय
डॉ. कैलाश लखोटिया
डॉ. राजकुमार सिसौदिया
डॉ. भाग्यश्री जोशी
डॉ. आशुतोष सक्सेना
डॉ. अनिल भदौरिया
डॉ. सुनीता हरलालका
डॉ. संजय अहिरकर

समारोह ने आपसी सहयोग के एक नए अध्याय की भी शुरुआत की।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स